दिल्ली ऑडिट ने जीता खिताब

इंटर मिनिस्ट्री क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब जीतने वाली दिल्ली ऑडिट की टीम • ट्विटर

नई दिल्ली, जेएनएन: मैन ऑफ द मैन अभिनव बाली के शानदार शतक (118 रन, 53 गेंद, 03 चौके, 06 छक्के), सिद्धांत डोबाल की तेजतर्रार पारी (41 रन, 28 गेंद) व सुनील रावत (3/23) एवं कुलदीप रावत (2/4) की गेंदबाजी से दिल्ली ऑडिट ने रक्षा मंत्रालय को 76 रन से हराकर इंटर मिनिस्ट्री क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब जीता। दिल्ली ऑडिट ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अभिनव व सिद्धांत की पारियों की मदद से 20 ओवर में पांच विकेट पर 227 रन बनाए। जवाब में रक्षा मंत्रालय की टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 151 रन तक ही पहुंच सकी।